बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–27/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (TRE 2.0)

विज्ञापन संख्या–27/2023 के अन्तर्गत दिनांक 14.12.2023 को आयोजित वर्ग 1–5 तथा दिनांक 15.12.2023 को आयोजित वर्ग 11–12 के 30 विषयों में प्राप्त आपत्तियों की समीक्षोपरान्त प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला–'A' के द्वितीय औपबंधिक उत्तर दिनांक 20.12.2023 से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त परीक्षाओं में सम्मिलित (Appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे द्वितीय औपबंधिक उत्तर का मिलान आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध प्रश्न पुस्तिका (श्रृंखला– 'A') से कर लें। किसी उम्मीदवार को उक्त विषयों के किसी भी प्रश्न के द्वितीय औपबंधिक उत्तर पर आपत्ति हो, तो वे अपने Username एवं Password से Login करते हुए डैशबोर्ड पर दिनांक 21.12.2023 से दिनांक 22.12.2023 तक आपत्ति प्रमाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ Upload करें।

डैशबोर्ड के माध्यम से द्वितीय औपबंधिक उत्तर पर आपत्ति दर्ज करने हेतु प्रति प्रश्न 500 रूपये शुल्क के रूप में देय होगा। ई॰मेल अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से किया गया आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

द्वितीय औपबंधिक उत्तर में जिन प्रश्नों पर निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई, तो उन उत्तरों को निर्विवाद रूप से आदर्श उत्तर माना जायेगा एवं तत्पश्चात् इन प्रश्नों पर भविष्य में कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

20.12.2023

परीक्षा नियत्रंक (TRE),
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना